दिनांक : 15.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

- सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं आज से हो रही प्रारंभ, मुख्यमंत्री ने बच्चों के नाम दिया संदेश।
- सिंगरौली जिले में नदी पुनर्जीवन के लिए चलाया जा रहा अभियान।
- प्रीमियर क्रिकेट लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुजरात जायंट को हराया।

दिल्ली-बोर्ड परीक्षा सीबीएसई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा आज से शुरू हो रही हैं। 10वीं परीक्षा की शुरुआत अंग्रेजी वहीं, 12वीं की शुरुआत फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा के साथ होगी। परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनिट से दोपहर 1 बजकर 30 मिनिट तक होगी। कुछ विषयों के लिए परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनिट से 12 बजकर 30 मिनिट तक होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में आधे घंटे पहले पहुंचना होगा और 10 बजे के बाद किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीबीएसई ने विद्यार्थियों के तनाव को कम करने और उन्हें परीक्षा की तैयारी में सहायता देने के लिए मनो-सामाजिक परामर्श सेवाएं भी शुरू की हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थी स्वयं में विश्वास रखते हुए सकारात्मक भाव से परीक्षा में शामिल हों। परीक्षाओं का अनावश्यक तनाव न रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आनंद के साथ परीक्षा देने के मार्ग का अनुसरण करें, अपनी क्षमता, योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें।

पन्ना हीरा

देश में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना की धरा ने कल फिर एक किसान को लखपति बना दिया। इस संबंध में पन्ना जिला मुख्यालय स्थित हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि ग्राम गहरा निवासी किसान ठाकुर प्रसाद यादव ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर हीरा खोजा है। उसने ग्राम सरकोहा की एक निजी भूमि में उथली हीरा खदान संचालन के लिए 4 फरवरी 2025 को पट्टा लिया था।

करीब बारह दिन बाद ही उसे 14 फरवरी को 4 दषमलव 24 कैरेट वजन का उज्ज्वल किस्म का बेशकीमती नायब हीरा मिला है। हीरा को, हीरा कार्यालय पन्ना में जमा करा दिया गया है। उसकी कीमत का आंकलन करके नीलामी की जाएगी।

नदी पुनर्जीवन

मध्यप्रदेश में देश की सबसे बड़ी केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। इस बीच, सिंगरौली जिले में करीब डेढ़ साल पहले से ही नदियों के पुनर्जीवन परियोजनाओं पर कार्य जारी है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह बताते हैं कि सिंगरौली में 8 छोटी-बड़ी नदियों का 'रिज टू वैली' के सिद्धांत पर नदी पुनर्जीवन का कार्य चल रहा है। 1975 में बने कंचन बांध के बाद से कंचन नदी लगभग विलुप्त हो गई थी। अब इस नदी में पानी की धार बह रही है। भारत सरकार के जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित गजेंद्र सिंह के अनुसार- जल के स्थाई भरण से भूगर्भीय जल स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। सूखे हैंडपंप तथा कुओं में जल की धारा प्रवाहित हो पाई है। आर. ई. एस. के इंजीनियर अनिल बाथम बताते हैं कि नदी पुनर्जीवन के प्रथम चरण में इन चिन्हित ग्रामों में नदी में गाद निकासी, तटों की प्रोफाइलिंग के कार्य वर्षाकाल के पूर्व कराए गए। मनरेगा से स्टाप डेम बनाया गया। इसी प्रकार के तीन अन्य स्ट्रक्चर भी नदी में स्वीकृत किए गए हैं। नदी पुनर्जीवन का कार्य लगातार जारी है।

कुपोषण से मुक्ति

इंदौर संभाग में कुपोषण से मुक्ति के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत संभाग के सभी जिले कुपोषण से मुक्ति के लिए जिलों में किये जा रहे नवाचार को एक-दूसरे से साझा किया जाएगा। फिर उसे संयुक्त रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि संभाग में कुपोषण से मुक्ति के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। सभी अधिकारी और कर्मचारी मानवीय सेवा भाव के साथ मिलकर प्रयास करें। कोई भी बच्चा कुपोषण से पीड़ित नहीं रहें। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना और बेटी बचाओं-बेटी पढाओं अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

खेल, अमित शाह, सीएम

38वें राष्ट्रीय खेल समापन समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री  अमित शाह ने कहा कि चाहे 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम हो या राष्ट्रीय खेलों का आयोजन। मोदी सरकार देश में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित और खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दे रही है।

प्रीमियर क्रिकेट लीग

महिला प्रीमियर लीग- डब्ल्यू.पी.एल क्रिकेट के पहले मैच में कल रात वड़ोदरा के कोटांबी स्टेडियम में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ऋचा घोष के 27 गेंदों पर 64 रन और एलिस पेरी के 34 गेंदों पर 57 रन की बदौलत ने गुजरात जायंट्स के 202 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। ऋचा घोष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आज शाम साढे सात बजे बडोदरा में ही मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। तीसरा डब्ल्यू.पी.एल. चार शहरों- वडोदरा, बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई में हो रहा है, जिसमें पांच टीमें हिस्सा रही हैं। फाइनल मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा।

कृषक को सोलर पम्प और गौपालन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में म.प्र. जन अभियान परिषद की कार्यकारिणी सभा की 15वीं बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन-अभियान परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन, प्रस्फुटन समितियां और नवांकुर संस्थाएं किसानों कृषकों को ऊर्जा में आत्म-निर्भर बनाने के लिए सोलर पंप लगवाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से गौपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, कार्यकारी निदेषक डॉ. धीरेंद्र पांडेय, निदेषक डॉ. वीरेद्र व्यास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में मिले 'स्पोर्ट स्टार एसेस अवार्ड-2025' के लिए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।
- बैतूल जिला कलेक्टर ने अवकाश दिवसों में भी पंजीयन कार्यालय खोले जाने के निर्देश दिए हैं।
- राजगढ़ जिले में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए परीक्षण एवं चिन्हांजकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा रेड स्पॉट अभियान चलाया गया। जिसके तहत बस स्टैंड क्षेत्र में खुले में गुटखा पाउच खाकर थूकने वाले एवं गंदगी फैलाने वाले लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।
- रायसेन नगर पालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 25 के तहत शहर के स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चे स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए कलात्मक अभिव्यक्ति का सहारा ले रहे हैं।
- डिंडोरी कलेक्टर नेहा मारव्या ने वन विभाग और जनजाति कार्य विभाग को संयुक्त रूप से वनाधिकार के क्षेत्र में कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।
- धार जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अन्तर्गत आजीविका भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

-------

**Formatted:** Centered

~~न्यूज फॉर हिन्दी वैब -~~

~~1 बोर्ड परीक्षा सीबीएसई~~

**Formatted:** Right: -0.5", Space After: 0 pt, Pattern: Clear (White)

~~केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा आज से शुरू हो रही हैं। 10वीं परीक्षा की शुरुआत अंग्रेजी वहीं, 12वीं की शुरुआत फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा के साथ होगी। परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनिट से दोपहर 1 बजकर 30 मिनिट तक होगी। कुछ विषयों के लिए परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनिट से 12 बजकर 30 मिनिट तक होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में आधे घंटे पहले पहुंचना होगा और 10 बजे के बाद किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीबीएसई ने विद्यार्थियों के तनाव को कम करने और उन्हें परीक्षा की तैयारी में सहायता देने के~~

लिए मनो-सामाजिक परामर्श सेवाएं भी शुरू की हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थी स्वयं में विश्वास रखते हुए सकारात्मक भाव से परीक्षा में शामिल हों। परीक्षाओं का अनावश्यक तनाव न रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आनंद के साथ परीक्षा देने के मार्ग का अनुसरण करें, अपनी क्षमता, योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें।

बाइट- मुख्यमंत्री (25 सेकेंड)

2 पन्ना हीरा

देश में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना की धरा ने कल फिर एक किसान को लखपति बना दिया। इस संबंध में पन्ना जिला मुख्यालय स्थित हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि ग्राम गहरा निवासी किसान ठाकुर प्रसाद यादव ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर हीरा खोजा है। उसने ग्राम सरकोहा की एक निजी भूमि में उथली हीरा खदान संचालन के लिए 4 फरवरी 2025 को पट्टा लिया था। करीब बारह दिन बाद ही उसे 14 फरवरी को  4 दषमलव 24 कैरेट वजन का उज्ज्वल किस्म का बेशकीमती नायब हीरा मिला है। हीरा को, हीरा कार्यालय पन्ना में जमा करा दिया गया है। उसकी कीमत का आंकलन करके नीलामी की जाएगी।

Formatted: Right: -0.5", Space After: 0 pt, Pattern: Clear (White)

3 नदी पुनर्जीवन

मध्यप्रदेश में देश की सबसे बड़ी केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। इस बीच, सिंगरौली जिले में करीब डेढ़ साल पहले से ही नदियों के पुनर्जीवन परियोजनाओं पर कार्य जारी है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह बताते हैं कि सिंगरौली में 8 छोटी-बड़ी नदियों का 'रिज टू वैली' के सिद्धांत पर नदी पुनर्जीवन का कार्य चल रहा है। 1975 में बने कंचन बांध के बाद से कंचन नदी लगभग विलुप्त हो गई थी। अब इस नदी में पानी की धार बह रही है। भारत सरकार के जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित गजेंद्र सिंह के अनुसार- जल के स्थाई भरण से भूगर्भीय जल स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। सूखे हैंडपंप तथा कुओं में जल की धारा प्रवाहित हो पाई है। आर. ई. एस. के इंजीनियर अनिल बाथम बताते हैं कि नदी पुनर्जीवन के प्रथम चरण में इन चिन्हित ग्रामों में नदी में गाद निकासी, तटों की प्रोफाइलिंग के कार्य वर्षाकाल के पूर्व कराए गए। मनरेगा से स्टाप डेम बनाया गया। इसी प्रकार के तीन अन्य स्ट्रक्चर भी नदी में स्वीकृत किए गए हैं। नदी पुनर्जीवन का कार्य लगातार जारी है।

Formatted: Right: -0.5", Space After: 0 pt, Pattern: Clear (White)

4 कुपोषण से मुक्ति

इंदौर संभाग में कुपोषण से मुक्ति के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत संभाग के सभी जिले कुपोषण से मुक्ति के लिए जिलों में किये जा रहे नवाचार को एक-दूसरे से साझा किया जाएगा। फिर उसे संयुक्त रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि संभाग में कुपोषण से मुक्ति के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। सभी अधिकारी और कर्मचारी मानवीय सेवा भाव के साथ मिलकर प्रयास करें। कोई भी बच्चा कुपोषण से पीड़ित नहीं रहें। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना और बेटी बचाओं-बेटी पढाओं अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

Formatted: Right: -0.5", Space After: 0 pt, Pattern: Clear (White)

5 कृषक को सोलर पम्प और गौपालन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में म.प्र. जन अभियान परिषद की कार्यकारिणी सभा की 15वीं बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन-अभियान परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन, प्रस्फुटन समितियां और नवांकुर संस्थाएं किसानों कृषकों को ऊर्जा में आत्म-निर्भर बनाने के लिए सोलर पंप लगवाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से गौपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, कार्यकारी निदेशक डॉ. धीरेंद्र पांडेय, निदेशक डॉ. वीरेंद्र व्यास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

Formatted: Right: -0.5", Space After: 0 pt, Pattern: Clear (White)